प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय ने याद किया गांधी एवं शास्त्री जी को

पंतनगर। 2 अक्टूबर 2024। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 155वीं एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की 120वीं जयंती विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनायी गयी। पंतनगर विश्वविद्यालय ने आज भारत की दो महान विभूतियों, राष्ट्रपिता मोहनदास करमचन्द गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनको याद किया। गांधी पार्क में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान तथा सभी अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने गांधी जी एवं शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर डा. मनमोहन सिंह चौहान ने गांधी जी एवं शास्त्री जी की कही हुई बातों एवं उनके आदर्शों को विश्वविद्यालय एवं शिक्षण के साथ–साथ व्यक्ति, समाज व राष्ट्र के संदर्भ में आज भी प्रासंगिक बताया तथा सभी से उनके आदर्शों को अपनाने के लिए आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना एवं उनकी टीम ने किया।

1. गांधी एवं शास्त्री जयंती पर गांधी जी व शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार